Australian Government
Department of Social Services

LGBTIQ समुदायों के भीतर घरेलू और पारिवारिक हिंसा

ऑस्ट्रेलिया में, घरेलू और पारिवारिक हिंसा को स्वीकार नहीं किया जाता है।

लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर, इंटरसेक्स एवं क्वीयर (Lesbian, Gay, Bisexual, Transgender, Intersex and Queer - LGBTIQ) के तौर पर अपनी पहचान करने वाले लोगों को ऑस्ट्रेलिया में समान अधिकार प्राप्त हैं, और उनके साथ किया जाने वाला हर प्रकार का भेदभाव गैर-कानूनी होता है।

ऑस्ट्रेलिया में, सभी संबंध कानून के तहत समान हैं। इसका यह अर्थ है कि समलिंगी दम्पत्तियों सहित, सभी दम्पत्तियों को किसी रिश्ते में होने या विवाहित होने का अधिकार है।

हर किसी को अपने परिवारों, मित्रों और प्रियजनों के साथ सकारात्मक और सुरक्षित संबंधों का अनुभव करने का अधिकार है।

घरेलू और पारिवारिक हिंसा कानून के विरूद्ध अपराध हैं। इन अपराधों को करने वाले व्यक्ति को जेल हो सकती है, चाहे वह व्यक्ति पुरूष हो या महिला।

यदि आपको या आपके किसी जानकार को खतरा है तो पुलिस को **000** पर फोन करें।

ऑस्ट्रेलिया की पुलिस सुरक्षित है और इस पर भरोसा किया जा सकता है।

नि:शुल्क व गोपनीय परामर्श और जानकारी के लिए 1800RESPECT को **1800 737 732** पर फोन करें।

यदि आपको एक नि:शुल्क दुभाषिए की ज़रूरत है तो **131 450** पर फोन करें।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार (Australian Government) किसी भी परिस्थिति में घरेलू और पारिवारिक हिंसा को बर्दाश्त नहीं करती है।

घरेलू और पारिवारिक हिंसा में ऐसे व्यवहार या धमकियाँ शामिल हैं जिनका उद्देश्य किसी पुरुष या महिला पार्टनर (सहजीवी) मे भय पैदा करके या उनकी सुरक्षा के बारे में डरा-धमका कर उन्हें नियंत्रण में रखना होता है। घरेलू और पारिवारिक हिंसा में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- मारपीट करना;
- गला दबाना;
- परिवार या पार्टनर (सहजीवी) को अत्यावश्यक पैसे देने से मना करना;
- पार्टनर को मित्रों और परिवार से अलग रखना;
- पार्टनर का अपमान करना या उनकी निरंतर आलोचना करना; और
- बच्चों या पालतू पशुओं को डराना-धमकाना।

LGBTIQ संबंधों में घरेलू और पारिवारिक हिंसा में निम्नलिखित भी शामिल हो सकते हैं:

- पार्टनर (सहजीवी) की इंटरसेक्स स्थिति, लैंगिकता, लिंग, लैंगिक अभिव्यक्ति, ट्रांसजेंडर या HIV की स्थिति का प्रयोग उनके खिलाफ करने की धमकी देना;
- पार्टनर के परिवार, मित्रों, समुदाय या कार्यक्षेत्र को उसकी यौन प्राथमिकता का राज़ बताने की धमकी देना;

- पार्टनर की दवाईयों या लैंगिक अवस्थांतर से सम्बन्धित स्वास्थ्य-देखरेख तक उसकी पहुँच को नियंत्रित करना, अथवा
- पार्टनर पर यौन या लैंगिक मानदंडों का अनुपालन करने के लिए दबाव डालना।

ऑस्ट्रेलिया में ऐसी सहायता सेवाएँ हैं जो मदद कर सकती हैं।

ACON LGBTIQ लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले मामलों से सम्बन्धित नि:शुल्क सूचना प्रदान करती है, इसमें पारिवारिक और घरेलू हिंसा के मामले शामिल हैं। समावेशी LGBTIQ सहायता सेवाओं की डॉयरेक्टरी देखने के लिए **ACON की वेबसाइट www.acon.org.au** पर जाएँ।

1800RESPECT ऑस्ट्रेलिया की यौन उत्पीड़न, पारिवारिक और घरेलू हिंसा परामर्शी सेवा है। यह नि:शुल्क, गोपनीय टेलीफोन और ऑनलाइन सलाह एवं सूचना प्रदान करती है। सलाहकार आपकी बात सुनेंगे, आपके सवालों का जवाब देंगे और वे आपको आपके स्थानीय क्षेत्र में अन्य सहायता सेवाओं को रेफर कर सकते/सकती हैं।

1800 737 732 पर फोन करें या **1800RESPECT की वेबसाइट www.1800RESPECT.org.au** पर LGBTIQ विशिष्ट सूचना अनुभाग देखें।

क्या आपको दुभाषिए की ज़रूरत है?

अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service - TIS) को **131 450** पर फोन करें। TIS का दुभाषिया आपको अन्य सेवाओं के साथ संचार करने में मदद दे सकता है, परन्तु TIS परामर्शी सेवा प्रदान नहीं करती है। सभी कॉल्स नि:शुल्क और गोपनीय होती हैं।